लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 92
07 दिसंबर, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

पीएम-मित्र पार्क की स्थापना

92. श्री चंद्र शेखर साहू:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या ओडिशा सरकार ने गंजम में पीएम-मित्र पार्क की स्थापना करने के लिए एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया है;

(ख) यदि हां, तो इसकी मुख्य विशेषताओं सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) गंजम में पीएम-मित्र पार्क के विकास पर होने वाले संभावित व्यय का ब्यौरा क्या है;

(घ) पीएम-मित्र पार्क के विकास से सृजित होने वाले रोजगार के संभावित अवसरों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या परियोजना अनुमोदन समिति ने अपनी जांच को अंतिम रूप दे दिया है और अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उक्त रिपोर्ट को कब तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क) और (ख): जी,हां। गोपालपुर, गंजम जिले में पीएम मित्र पार्क की स्थापना के लिए ओडिशा राज्य सरकार द्वारा प्रस्ताव भेजा गया है। प्रारंभिक प्रस्ताव रिपोर्ट में साइट की व्यवहार्यता, उपयोगिताओं की लागत के बारे में अपेक्षित ब्यौरा अंतर्विष्ट है।

(ग) से (च): निवेश आकर्षित करने, रोजगार सृजन को बढ़ावा देने और वैश्विक वस्त्र बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करने के उद्देश्य से, सरकार ने वर्ष 2027-2028 तक 7 वर्षों की अवधि के लिए 4,445 करोड़ रुपए के परिव्यय से प्लग एंड प्ले सुविधा सहित विश्वस्तरीय अवसंरचना के साथ ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड में 7 (सात) पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और अपैरल (पीएम मित्र) पार्कों की स्थापना को मंजूरी दी है। पीएम मित्र पार्कों के लिए साइट का चयन अग्रिम चरण में है।

*****